- सन् 1336 ई. में दक्षिण के एक हिन्दू हरिहर ने विजयनगर की नींव रखी।
- आगरा के निकट फिरोज तुगलक ने फिरोज नामक नगर की स्थापना की।
- इस का संस्थापक फिरोज तुगलक था। जब बहलोल लोदी ने जौनपुर पर आक्रमण किया तब हुसैन जौनपुर पर राज्य कर रहा था।
- अजन्ता की गुफाएं मुम्बई में फदरपुर से लगभग 7 कि.मी दूर औरंगाबाद से लगभग 100 कि.मी. उत्तर में स्थित हैं। सन् 1819 ई. में जेम्स अलेक्जेंडर ने शिकार करते हुए इस

स्थान को देखा था।

अमरकंटक – कालीदास ने अपने नाटक मेघदूत में इसका वर्णन किया है। यह एक पहाड़ी क्षेत्र है जो नागपुर क्षेत्र के गोंडवाना में मेखल पहाड़ियों का एक भाग है। मार्कण्डेय पुराण में इसे सोमपवर्त कहा गया है। यह रीवां मे स्थित शहडोल रेलवे स्टेशन से 40 कि.मी. दूर है।

अहिच्छत्र – महाभारत के अनुसार यह उत्तर पाचाल की राजधानी था। समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति मे अच्युत राजा का उल्लेख है। इसकी मुद्राएं भी प्राप्त हुई हैं। यह नगर आधुनिक बरेली (उ.प्र.) जिले मे स्थित रामनगर है।

0 उदयगिरि – उदयगिरि एक पहाडी है जो खण्डगिरि पहाड़ी के साथ बालकाश्मशिला का एक कटिबंध निर्मित करती है। खारवेल के हाथीगुम्फा अभिलेख में उदयगिरि का उल्लेख है। इसका शिखर 110 फुट ऊंचा है। इसमें 44 गुफाएं हैं। इसकी तलहटी में एक वैष्णव मंदिर भी है।

1 एल्लोरा – एल्लोरा या एलोरा औरंगाबाद से 25 कि.मी. दूर महाराष्ट्र के दक्षिण में स्थित है। यह बौद्ध गुफाओं के लिए प्रसिद्ध है। महात्मा बुद्ध, धर्मचक्र, प्रवर्त और प्रवचन मुद्रा रूप में अंकित है।

2 कन्याकुमारी – हिन्द महासागर के तीर पर स्थित कन्याकुमारी आधुनिक समय के 'विवेकानंद रॉक' के लिए प्रसिद्ध है। इसे गंगेकोण्डचोलपुरम भी कहा जाता है। यहां कन्याकुमारी का प्रसिद्ध मंदिर भी है।

3 कपिलवस्तु – दिव्यादान में कपिलवस्तु का संबंध कपिल ऋषि से माना है। यह शक्यों की राजधानी तथा महात्मा बुद्ध का जन्म-स्थल है। डॉ. स्मिथ के अनुसार, यह नेपाल सीमा पर बस्ती जिले के उत्तर में पिपरावा है।

4 कम्बोज – कम्बोज पश्चिमोत्तर भारत में गांधार के निकट आधुनिक राजोरी और हजारी जिले में था। यह स्थल सुडौल तथा वेगवान अश्वों के लिए प्रसिद्ध था। यह षोडश महाजनपदों मे से एक था। इसका उल्लेख पाणिनि के अष्टाध्यायी, पातंजलि ने महाभाष्य तथा अशोक के पांचवें शिलालेख में मिलता है।

5 कर्ण-सुवर्ण – यह मुर्शिदाबाद जिले में गंगा के पश्चिमी तट पर स्थित था। यह आधुनिक रांगामाटी है। यहां से कुशाण तथा गुप्त कालीन मुद्राएं तथा महिषासुरमर्दिनी अष्टभुजी देवी की एक पाषाण

प्रतिमा प्राप्त हुई है।

- भारत के पूर्वी समुद्री तट पर महानदी और गोदावरी नदियो के मध्य स्थित था। कलिंग को अशोक के भीषण आक्रमण का सामना करना पड़ा था। यहां के हाथी श्रेष्ठ थे तथा अशोक का हृदय परिवर्तन कलिंग विजय के बाद ही हुआ।
- अतिप्राचीन तीर्थ-स्थल रहा है। यह मद्रास से दक्षिण-पश्चिम मे लगभग 70 कि.मी. पलार नदी के तट पर है। यह चोल साम्राज्य की राजधानी था। यहां मीनाक्षी का प्रसिद्ध मंदिर स्थित है।
- महात्मा बुद्ध का निर्वाण स्थल। इसकी गणना कपिलवस्तु तथा पावा के साथ की जा सकती है। चीनी यात्री फाह्यान के अनुसार उसके समय यह नगर उजड़ चुका था तथा यह शालवन हिरण्डवती नदी के तट पर स्थित था।
- यह कर्णाट देश का एक जिला है। विद्वानों के एक वर्ग के अनुसार कुन्तल भीमा और वेदवती के बीच स्थित है जिसमे महाराष्ट्र के कन्नड़ जिले, मद्रास और मैसूर राज्य के कुछ भाग सम्मिलित थे। अजन्ता के एक लेख के अनुसार वाकाटक नरेश पृथ्वीषेण प्रथम ने कुन्तलेश्वर पर विजय प्राप्त की थी।
- कोशल या कोसल षोडश महाजनपदों में से एक था। यह कुरु और पांचाल के पूर्व में और विदेह के पश्चिम में स्थित था। रामायण में इसकी महत्ता का बखान है।
- मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले तथा झांसी से 160 कि.मी. दूर दक्षिण में स्थित है। इसकी अन्तरराष्ट्रीय ख्याति है। यहा मूर्ति–कला के उत्कृष्ट नमूने हैं। सबसे प्राचीन मंदिर चौखण्ड योगिनी का है। चंदेल राजाओं ने पहले इसे अपनी राजधानी बनाया था।
- षोडश जनपदों में एक। अशोक के पंचम शिलालेख से ज्ञात होता है कि इसे पश्चिमोत्तर पंजाब तथा निकटवर्ती प्रदेश गांधार कहा जाता था। यह सिंधु नदी के दोनों ओर अवस्थित था। इसकी प्राचीन राजधानी पुष्करावती थी।
- यह बिहार प्रांत में है। इसके उत्तर में–साहबगंज और दक्षिण में प्राचीन गया नगर है। वायुपुराण के अनुसार यहां गयासुर ने तपस्या की थी। इसे महाभारत का एक पुण्य स्थल माना जाता है। गया पर्वत पर अशोक ने एक 100 फुट ऊंचा

पाषाण स्तूप बनवाया था।

54. गिरनार – इसे गिरिनगर भी कहा जाता है। रुद्रदामन के जूनागढ़ अभिलेख में सुराष्ट्र की राजधानी गिरिनगर को बताया है।

55. गिरिव्रज – इसे राजगृह भी कहा जाता है जो मगध की प्राचीन राजधानी था। रामायण के आदिकाण्ड में इसके निर्माता वसु बताये जाते हैं।

56. चम्पा – आधुनिक भागलपुर के निकट चम्पा स्थित है। पूर्व काल में चम्पा अगो की राजधानी थी तथा इसका नाम मालिनी था। बाद मे चम्पा नामक एक राजा हुआ जिसने इसका नाम चम्पा रख दिया।

57. चित्रकूट – इलाहाबाद से दक्षिण-पश्चिम में 140 कि.मी. दूर बांदा जिले में एक चित्रकूट पहाड़ी है। रामायण के अयोध्याकाण्ड में इसे भारद्वाज आश्रम से 20 मील दूर स्थित कहा गया है। चित्रकूट में मंदाकिनी तथा मालिनी नामक नदियां बहती थीं। महाभारत में भी इसका उल्लेख है।

58. तंजौर – यह एक प्राचीन नगर है जो आधुनिक समय में कावेरी नदी के तट पर मद्रास से 385 कि.मी. दक्षिण-पश्चिम में है। प्राचीन काल में इसे चोल, नायक तथा मराठों की राजधानी होने का गौरव प्राप्त है। विशाल मंदिर बृहदेश्वर, जिसमें 217 फुट ऊंचा शिवलिंग है। एक अन्य मंदिर चण्डेश्वर भी प्रसिद्ध है।

59. तक्षशिला – भारत की उत्तर-पश्चिम सीमा पर एक ऐतिहासिक नगर था। प्रारंभ में इसकी राजधानी गांधार थी। रामायण के अनुसार भरत के पुत्र तक्ष द्वारा इसकी स्थापना की गई थी। पाणिनिने भी इसका उल्लेख किया है। बिन्दुसार के शासनकाल में अशोक तथा अशोक के शासन में कुणाल यहां का राज्यपाल था।

60 ताम्रलिप्ति – पूर्वी समुद्र तट का विशाल एवं प्राचीन बंदरगाह। आधुनिक तामलुक नगर (बंगाल) इसी के अवशेषों पर 1840 ई. में पुरातत्त्व विभाग ने ताम्रलिप्ति का उत्खनन किया था। महाभारत में इसका उल्लेख है। टालमी ने इसे टेमेलाइटीज कहा है। अभिधान चिंतामणि में इस नगर को तामलिप्त, तमालिनी, स्तम्बपुर तथा विष्णुगृह कहा जाता था।

61. थानेश्वर – संस्कृत साहित्य में वर्णित एक प्रख्यात नगर है। दिल्ली तथा प्राचीन इन्द्रप्रस्थ नगर के उत्तर में अंबाला और करनाल के

बीच स्थित था। इसी के निकट कुरुक्षेत्र है। यह शिव का पवित्र स्थान था। तृतीय मराठा युद्ध के पश्चात् यह भारतीय ब्रिटिश साम्राज्य का अंग हो गया।

– इसे कुशस्थली भी कहा जाता है। स्कंदपुराण के अनुसार यह एक तीर्थस्थल है। योगिनितन्त्र में भी इसका उल्लेख है। कृष्णा का निवास-स्थान। हिन्दुओं का मत है कि द्वारका की तीर्थयात्रा मुक्ति का चौथा साधन है।

– सातवीं शताब्दी का एक विश्वविख्यात बौद्ध विद्यापीठ था। यह राजगृह के निकट था। यहां हस्तलिखित ग्रंथों का एक विशाल तिमंजिला पुस्तकालय था।

– इसका उल्लेख पुराणों में वर्णित नासिकी या नौसिक तथा रामायण में जनस्थान के रूप में है। लक्ष्मण के द्वारा यहा शूर्पणखा की नाक काट लिए जाने के कारण इसका नाम नासिक पड़ा। यह मुंबई से 120 कि.मी. पश्चिम-उत्तर में है। उत्खनन में यहां हड़प्पा युगोत्तर संस्कृति के अवशेष मिले हैं।

– वर्तमान में गोरखपुर जिले में छोटी गंडक नदी के तट पर स्थित है। यहां महावीर ने अपने पार्थिव शरीर को छोड़ा था।

– प्रयाग का उल्लेख सर्वप्रथम ऋग्वेद मे मिलता है। यहां गगा-यमुना (सित-असित) का मिलन होता है। समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति प्रसिद्ध है। प्रयाग को तीर्थराज कहा जाता है। यह आधुनिक इलाहाबाद है।

– वर्तमान में उड़ीसा राज्य में है। ब्रह्मपुराण के अनुसार यह पवित्र नगर समुद्र तट पर स्थित है। योगिनितन्त्र में इसे पुरुषोत्तम कहा गया है। यह जगन्नाथ के हिन्दू मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। इसका आकार शंख के समान है, जिसके केंद्र मे जगन्नाथ मंदिर स्थित है।

तिषपुर – महाभारत में उल्लिखित असम के आधुनिक प्रांत का प्राचीन नाम प्राग्ज्योतिषपुर है। यह कामाख्या देवी के मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। युवान च्वांग ने इस नगर को 'का-मो-तो' कहा है। यहां बौद्ध धर्म लोकप्रिय नहीं था तथा यहां के निवासी कृष्ण के अनुयायी थे–युवान।

– अग्निपुराण के अनुसार प्रभास का दूसरा नाम सोमनाथ था। महाभारत के अनुसार यह सौराष्ट्र का देवनगर माना जाता था। इसे उदधितीर्थ कहा गया है। यह व्यापारिक केंद्र था।

बंदरगाह होने के कारण इसके आगे पट्टन[1] शब्द भी लगा है। सोमनाथ के शिव मंदिर को लूटने के लिए विदेशी आक्रमण हुए। महमूद गजनी के आक्रमण के समय सोमनाथ गुजरात की राजधानी था।

प्रवरपुर – इस नगर को कश्मीर की राजधानी श्रीनगर से समीकृत किया जाता है। ब्राह्मण पुरोहित अभी भी इसे प्रवरपुर कहते हैं। ललितादित्य ने इस नगर को जलाने की आज्ञा दी थी परन्तु सचिवों ने चतुराई से इसे जलने से बचा लिया था। प्रवरसेन द्वितीय ने यहां एक शिव मंदिर बनवाया था।

बदरीनाथ – उत्तर प्रदेश के पर्वतीय भूभाग गढ़वाल में स्थित बदरीनाथ हिन्दुओं का प्रसिद्ध तीर्थस्थल है। यहां नर-नारायणी की प्रतिमा है जिसकी बदरीनारायण के नाम से पूजा की जाती है। यहा आद्य शंकराचार्य द्वारा स्थापित 'ज्योतिष्पीठ' मठ है।

बादामी – बीजापुर जिले के वातापी नामक प्राचीन नगर को बादामी कहा जाता है। प्राचीन काल में यह चालुक्यों की राजधानी था। बादामी को नरसिंह वर्मन ने नष्ट कर दिया था।

बोधगया – आधुनिक गया से 6 मील दक्षिण में नौरंजना नदी के तट पर बोधगया स्थित है। यहां बोधिवृक्ष के नीचे सिद्धार्थ गौतम को बोधि प्राप्त हुई थी जिससे वे बुद्ध कहे जाने लगे।

बोरोबुदूर – जावा द्वीप का सर्वाधिक प्रसिद्ध बौद्ध स्तूप, जिसे 750-854 ई. में शैलेन्द्र राजवंश के एक शासक ने बनवाया था। इसके निर्माता का नाम और सही तिथि ज्ञात नहीं है। इसे संसार का आठवां आश्चर्य (अजूबा) माना जा सकता है।

भृगुकच्छ – भृरुकच्छ (समुद्री दलदल), भरुकच्छा, भीरुकच्छा का समीकरण आधुनिक भचौंड़ से किया जाता है। टोलमी द्वारा दिया गया नाम–वैरीगाजा–भृगुकच्छ का यूनानी अपभ्रंश है। भृगुकच्छ संस्कृत शब्द है। इसका अर्थ है–ऊंचा तट प्रदेश। यहां विभिन्न सम्प्रदायों के दस देव मंदिर थे।

भुवनेश्वर – यह खुर्द तहसील में स्थित एक गांव है, जो कटक से 30 कि.मी. दूर दक्षिण में और पुरी से 48 कि.मी. उत्तर मे है। यह बलियन्ती नदी के तट पर स्थित है। यहां कुचला के वृक्ष बहुत हैं। यहां के सबसे बड़े सरोवरो में बिन्दु सागर सबसे

---

[1] पट्टन वह तट जहां बंदरगाह हो और वहां से आयात निर्यात होता हो।

बड़ा है। यहां का प्रधान मंदिर लिंगराज का मंदिर स्थापत्य कला का अद्वितीय नमूना है।

महाबलिपुरम – यह मद्रास से दक्षिण में लगभग 56 कि.मी. दूर है। यहा प्राकृतिक और कृत्रिम गुफाएं हैं। यहां से कुछ मूर्तियां भी प्राप्त हुई हैं।

मिथिला – मिथिला विदेह की राजधानी थी। भविष्यपुराण के अनुसार निमि के पुत्र मिथि ने मिथिला की स्थापना की। रामायण मे इसके अनेक उदाहरण मिलते हैं। राजा दशरथ के मिथिला नरेशों से मैत्रीपूर्ण संबंध थे।

रामेश्वरम् – बंगाल की खाड़ी में स्थित यह एक पवित्र द्वीप है। यहां का रामनाथस्वामी का मंदिर सुविख्यात है। अनुश्रुतियों के अनुसार इसे राजा राम ने तब स्थापित किया था जब वे लंका के राजा रावण के चंगुल से अपनी पत्नी सीता को मुक्त कराने लका गए थे। मंदिरों में एक शिवलिंग, अन्नपूर्णा, पार्वती तथा हनुमान की मूर्तियां हैं।

लुंबिनीग्राम – अशोक के रुम्मिनिदेई अभिलेख में लुंबिनीग्राम का वर्णन प्राप्त होता है। इसका नाम रुम्मिनिदेई मंदिर के नाम पर पड़ा। अशोक ने लुंबिनीग्राम को करों से मुक्त कर दिया था।

विदिशा – विदिशा के कई नाम मिलते हैं। जो वेदिस, वैदिश या वैदश आदि-आदि हैं। भिलसा से 3 कि.मी. दूर मध्य प्रदेश में बेतवा तथा वेस नदी के कांठे में बेसनगर का प्राचीन नाम विदिशा है। कालीदास ने मेघदूत में विदिशा का बहुत सुंदर वर्णन किया है। बाण की कादम्बरी के अनुसार शूद्रक नामक राजा विदिशा पर शासन कर रहा था। यह नगर हाथीदांत की कलात्मक वस्तुओं के लिए प्रसिद्ध था।

वाराणसी – गंगा की दो सहायक नदियों वरुणा और अस्सी के मध्य मे स्थित है वाराणसी। अथर्ववेद में इसका सर्वप्रथम उल्लेख किया है। सामान्यतः इसे काशी के नाम से ही पुकारते हैं। वाराणसी का मुख्य आकर्षण विश्वनाथ मंदिर है। सूती कपड़े के लिए वाराणसी कौटिल्य के समय में भी प्रसिद्ध था।

वृन्दावन – भगवान कृष्ण की लीलाओं की रंगभूमि वृन्दावन मथुरा से 9 कि.मी. दूरी पर स्थित है। यहां पर वृन्दा (राधा के 16 नामो में से एक) ने तप किया तथा अपना भौतिक शरीर त्यागा।

श्रावस्ती कोसल जनपद के प्रमुख नगर श्रावस्ती का आधुनिक समानार्थक

सहेठमहेठ है। यह उत्तर प्रदेश में गौंडा और बहराइच जिलो की सीमा पर स्थित है। विष्णुपुराण के अनुसार इस नगर का निर्माण राजा श्रावस्त या श्रावस्तक द्वारा कराया गया।

85 सांची – सांची भोपाल से 32 कि.मी. दूर पूर्वोत्तर में है। इसका प्राचीन नाम काकानाद था। अब बौद्ध स्तूपों के लिए प्रसिद्ध है।

86 साकेत – टालमी इसे सागेद कहता है। यवन ने साकेत पर घेरा डाला था। अभिधानचिन्तामणि में साकेत, कोसल और अयोध्या को एक माना है।

87 शाकल – इस नगर का आधुनिक स्यालकोट से समीकरण किया जाता है। बौद्ध ग्रंथों में शाकल को सागल तथा यूनानी लेखो मे संगल कहा जाता है।

88 हस्तिनापुर – मेरठ जिले मे गंगा के तट पर स्थित है। पाणिनि ने इसे हस्तिनापुर (प्राचीन कुरु-पाचाल का एक भाग) लिखा है। महाभारत के अनुसार हस्तिन नामक व्यक्ति ने इस नगर की नींव डाली। यह कौरवों की राजधानी थी। भगवतपुराण मे इसका नाम गजाह्वय है। ललितविस्तार में इसको महानगर कहा है। प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव को हस्तिनापुर का निवासी कहा गया है।

89 अन्तरजीखेड़ा – गंगाघाटी में हड़प्पा संस्कृति के विस्तार के चिह्न अन्तरजीखेडा में भी प्राप्त हुए हैं। यहां उत्खनन में लौहयुक्त स्तर मिले हैं। यहां कपड़े के छापे मिले हैं। इसके अतिरिक्त यहां विशेष रूप से दरांतियां मिली हैं। इसकी तिथि ईसापूर्व 1025 के लगभग मानी जाती है। उत्खनन के पहले स्तर पर शायद गेहूं और जौ के अतिरिक्त चावल भी मिले हैं। प्राचीन कुरु पांचाल का एक भाग। वर्तमान में यह एटा जिला उत्तर प्रदेश में है।

90 आदमगढ – वर्तमान में मध्य प्रदेश के होशंगाबाद के पास इसका अस्तित्व है। इसकी तिथि ईसापूर्व 5000 के आसपास निर्धारित की गई है। ये स्थल मध्य पाषाण युग के हैं। यहां मवेशी एव भेड-बकरियों के पालन के साक्ष्य मिले हैं।

91 अमरी – यह सिंधुघाटी सभ्यता का सिंधु नदी के मुहाने पर स्थित था। यहां सिंधु पूर्व सभ्यता निक्षेप के ऊपर सिंधु सभ्यता निक्षेप मिलते हैं।

92 आलमगीरपुर – यह सिंधु घाटी सभ्यता के समय का है और वर्तमान में मेरठ के पास है। यह प्राचीन काल मे प्रसिद्ध कुरु पांचाल प्रदेश में था।

अहाड – आधुनिक उदयपुर (राजस्थान) के निकट अहाड़ स्थित है। यह ताम्र-पाषाणयुगीन है। इसे 'अहाड़ संस्कृति' कहा जाता है। यहा चावल की खेती होती थी और संभवत: बाजरा भी पैदा होता था। इस संस्कृति का आरंभ लगभग ईसापूर्व 2000 है। इसका टीला 15 सौ फुट X 8 सौ फुट का है। इसके 15 संरचनात्मक निर्माण चरण साक्ष्य मिलते हैं। मकानों में तंदूर भी मिले हैं जिनकी संरचना वर्तमान के तंदूरों जैसी है।

अल्लाहपुर – सिंधु सभ्यता की मृद्भांड स्तर की वस्तुएं प्राप्त हुई हैं। यहा लौह प्राप्त है। यहां हिरण से निकट परिचय के संकेत हैं।

आटवी प्रदेश – यह प्रदेश संभवत: बुंदेलखण्ड से लेकर उडीसा तक विस्तृत था। अशोक के 13वें शिलालेख में आटवी जातियों का उल्लेख है।

अरिकामेडू – भारत के पूर्वी तट पर स्थित अरिकामेडू संगम साहित्य काल का महत्त्वपूर्ण बन्दरगाह था।

आर्जुनायन – यहां से समुद्रगुप्त के सिक्के प्राप्त हुए हैं। यह गणतंत्र था और यहां के प्रशासक ने समुद्रगुप्त की अधीनता स्वीकार कर ली थी। कुछ ऐसे सिक्के भी प्राप्त हुए हैं जिनमें इन्हें गण कहा गया है।

आभीर – यह गणराज्य था। इसने समुद्रगुप्त की अधीनता स्वीकार कर ली थी। यहां राजा का उल्लेख मिलता है।

अवन्ति – यहां का राजा शूद्र था।

अन्तरवेदी – इन्दौर ताम्रपत्र से ज्ञात होता है कि यहां दो क्षत्रियों ने एक सूर्य मंदिर का निर्माण करवाया और एक ब्राह्मण द्वारा नित्य दीप जलाने की व्यवस्था की। यह गंगा-यमुना दोआब क्षेत्र में है।

आयुध – यह कन्नौज के पास है। राजपूतों के त्रिराज्य संघर्ष में यहा के दो भाई–इन्द्र और चक्र–आपस में ही युद्धरत थे। यह एक छोटा-सा क्षेत्रीय राज्य था।

इन्द्रपुर – स्कंदगुप्त का एक ताम्रपत्र इन्दपुर (आधुनिक ग्राम इन्दौर) से मिला है। इसमें एक तेलियों की श्रेणी का उल्लेख मिलता है, जो सूर्य मंदिर में दीप जलवाती थी। यह उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जनपद में है।

उरुवेला – गौतम ने यहां पांच ब्राह्मणों से भेंट कर उन्हें दीक्षा दी थी।

उतनूर – यह रायचूर दोआब में स्थित है। यहां उत्खनन के बाद नवपाषाण संस्कृति के संकेत मिले हैं। इसकी तिथि ईसा पूर्व

2300–900 के मध्य है।

105. एरण – यहां से बुद्धगुप्त का स्तंभ लेख प्राप्त हुआ है जिसकी प्रस्तुति विष्णु की स्तुति से आरंभ हुई है।

106. कुशीनगर – ईसा पूर्व 600–300 के मध्य यह एक सम्पन्न एवं महत्त्वपूर्ण नगर था।

107. कुरु – प्राचीन 16 महाजनपदों में से एक यह आधुनिक मेरठ एवं दक्षिण-पूर्व हरियाणा के क्षेत्र में था। जातकों के अनुसार इसकी राजधानी इन्द्रप्रस्थ थी।

108. कुम्भ्रहार – यह आधुनिक पटना के समीप है। प्राचीन काल में यहां चन्द्रगुप्त मौर्य का राजप्रासाद था। उत्खनन में 40 पाषाण स्तंभ मिले हैं। भवन के अवशेष भी प्राप्त हुए हैं। भवन की लंबाई 140 फुट और चौडाई 120 फुट है।

109. कन्हेरी – यहां अशोक कालीन चैत्यगृह है। यह महाराष्ट्र में है।

110. कार्ले – यहां अशोक कालीन बौद्ध चैत्यगृह है। यह आधुनिक पुणे (पूना) के समीप है।

111. कोकण – नहपान सम्राट के राज्य का एक भाग। यह महाराष्ट्र में पूना के पास है।

112. कोचीन – पश्चिमी तट पर एक प्राचीन बन्दरगाह।

113. कोषिक्कोड़ – आधुनिक कालीकट। यह एक प्राचीन बन्दरगाह है।

114. कावेरीपत्तनम् – पूर्वी तट पर प्रसिद्ध बन्दरगाह। यह चोल साम्राज्य की राजधानी थी।

115. करुर – चेरों की प्राचीन राजधानी। इसे वाञ्जि या वाञ्जिपुरम नाम से भी जाना जाता था। वर्तमान में जिला तिरुचिरापल्ली के अंतर्गत है। यहां से रोमन सुराहियों के टुकड़े प्राप्त हुए हैं।

116. कांचीपुरम – यह पल्लवों की राजधानी था। यहां एक आरभिक कलश शवाधान केंद्र प्रकाश मे आया है। काली और लाल मिट्टी के बर्तन आदि प्राप्त हुए हैं।

117. कहौन – यहां से प्राप्त स्कदगुप्त के अभिलेख से ज्ञात होता है कि भद्र नामक व्यक्ति ने पांच जैन तीर्थंकरों की मूर्ति की स्थापना करवाई थी।

118. कायथ – मालवा (मध्य प्रदेश) के समीप कायथ में आद्य-ऐतिहासिक काल के अवशेष मिले हैं। इसकी तिथि ईसा पूर्व 2200-2000 के मध्य निर्धारित की गई है।

119. गोवर्धन – सातवाहन संस्कृति का प्रसिद्ध केंद्र। वर्तमान में नासिक के समीप है

गुलबर्गा – यहां महापाषाणकालीन कब्रें मिली हैं। इसके समीप हनुम सागर नामक स्थल पर एक हजार स्मारक पत्थर प्राप्त हुए हैं।

छब्रोली – मौर्ययुगीन संस्कृति के अवशेष मिले हैं। यह दक्षिण में अमरावती के समीप है।

जम्भियग्राम – घोर तपस्या के बाद महावीर को जम्भियग्राम के समीप ऋजुपालिक सरिता के तट पर 'कैवल्य' प्राप्त हुआ।

जूनागढ़ – यहां से रुद्रदामा का अभिलेख मिला है। इसमें अशोक के एक गवर्नर का नाम योनराज तुफास्क मिलता है। यह यूनानी नाम है।

तोसली – कलिंग विजय के बाद अशोक द्वारा इसको राजधानी बनाया गया।

नागार्जुनी – अशोक के पुत्र दशरथ ने नागार्जुनी पहाड़ियों में आजीविको को 3 गुफाएं प्रदान कीं।

नदिवर्धन – यहां प्रवरसेन प्रथम का एक पुत्र गौतमीपुत्र शासक था। यह वर्तमान नागपुर के समीप है।

नौरा – पल्लव साम्राज्य का एक प्रसिद्ध पश्चिमी बंदरगाह। वर्तमान मे कैन्ननौर के समीप।

नाचनाकुठारा – गुप्त कालीन शिव मंदिर के लिए प्रसिद्ध। यह बघेलखण्ड मे है।

नागोदा – गुप्त कालीन प्रसिद्ध शिव मंदिर है तथा एक मुख शिवलिंग है। यह मध्य प्रदेश में है।

नेवासा – यहां पटसन, हल्के रत्नों के ढेर सारे मनके मिले हैं। पालतू जानवरों में गाय, बैल, बकरी, भेड़, सूअर और घोड़े शामिल हैं। यह महाराष्ट्र में है।

नागार्जुनकोंडा– दक्षिण भारत के दोआब में स्थित। यहाँ नवपाषाण संस्कृति तथा परवर्ती चरणों में ताम्रपाषाण तत्त्वों के संकेत मिले हैं। इसकी लिपि ईसापूर्व 2300–900 के मध्य मानी गई है।

हड़प्पा संस्कृति के नगर

आम्री बस्ती – सिंधु और गंगा के मध्य उपजाऊ मैदान में स्थित चौथी सहस्राब्दी ईसापूर्व के प्रारंभ में आम्री, कुल्ली, घुंडई, कोटदीजी आदि ग्राम-बस्तियों को हड़प्पा संस्कृति के इतिहास की दहलीज माना जाता है। ये बस्तियां किसी एकीभूत प्रशासन प्रणाली का

अंग न होकर, एक-दूसरे से स्वतंत्र आवासीय विरचनाएं थीं और सदियों तक हड़प्पा संस्कृति के नगरों के साथ घनिष्ठ संपर्क के दौर में भी विकास के एक ही चरण में बनी रहीं।

विशाल पत्थरों से निर्मित दुर्गभित्तियों से घिरी आम्री की बस्ती (डाडू जिला, पाकिस्तान) लगभग 8 हजार वर्गमीटर के क्षेत्रफल में फैली हुई थी। इसमें नियमित, योजनाबद्ध निर्माण के निशान नहीं पाये गये हैं। अधिकांश इमारतें दोमंजिला, कच्ची ईंटों तथा पत्थरों से निर्मित और छोटे-छोटे कमरों (2.5 X 1.5 मीटर) से घिरे भीतरी अहाते (औसत आकार 5 X 5 मीटर) से युक्त हैं। बस्तियों के इलाकों में सिंचाई नहरों, बांधों, सीढ़ीनुमा खेतों और कब्रगाहों के अवशेष मिले हैं।

133. कोटदीजी — हमारी शती के बीसवें वर्ष में विश्व संस्कृति के क्षेत्र में एक महानतम खोज हुई–सिंधु सभ्यता की। प्राचीन सभ्यताओं के इतिहास में इसे हड़प्पा संस्कृति के नाम से जाना जाता है क्योंकि इसके अवशेष सर्वप्रथम सिंधु नदी की सहायक नदी रावी के बाएं तट पर स्थित हड़प्पा में पाये गये।

वर्तमान पाकिस्तान मे खैरपुर के निकट कोटदीजी की खुदाई में शहरी आवासीय इमारतों के और परकोटे से घिरे एक बड़े वास्तु-सामुच्चय के अवशेष प्राप्त हुए हैं, जिनकी तिथि 28-26 शती आंकी गई है। कोटदीजी संभवतः हड़प्पा नगर का आदिरूप था।

134. लोथल — प्राकृतिक विपदाओं के कारण हड़प्पाई लोगों ने शनैः-शनै दक्षिण की ओर बढ़ना प्रारंभ किया। वे एक दिशा में न जाकर चारों ओर फैलते चले गये। यही कारण है कि अरब सागर के किनारे-किनारे हड़प्पाई बस्तियों की एक लंबी शृंखला मिलती है।

इसी शृंखला के क्रम में सबसे महत्त्वपूर्ण नाम है लोथल। वर्तमान में अहमदाबाद से 83 कि.मी. दक्षिण में प्राचीन काल का लोथल नाम बंदरगाह नगर था।

लोथल हस्त उद्योग व्यापार का एक प्रसिद्ध केंद्र था। खंभात की खाड़ी के काफी अंदर ऐसी जगह अवस्थित है जहा जहाज छोटे-मोटे ज्वारों के समय माल उतार सकते थे। यह प्राकृतिक स्थिति लोथल के उत्कर्ष में बड़ी सहायक सिद्ध हुई। यहां प्राचीन विश्व के सबसे बड़े नौकाघाट पोतनिर्माण गोदी

और नौकाओं के आने-जाने योग्य नालियों और जलद्वार पाये गये हैं जो उनके निर्माताओं के उच्चस्तरीय इंजीनियरी ज्ञान एवं कौशल का परिचय देते हैं।

उल्लेखनीय है कि लोथल में अल्पमूल्य रत्नों के मनको और कंठहारों का उत्पादन सुविकसित था और यह आज भी इस इलाके का मुख्य उद्योग है। इससे परम्पराओं की सातत्य का अतिरिक्त प्रमाण मिलता है।

लोथल निवासियों को बाढ़-प्रकोप के कारण उसे चार बार स्थापित करना पड़ा। फलस्वरूप प्रत्येक बाढ़ के बाद जिन चबूतरों पर इमारतें खड़ी की जाती थीं उनकी ऊंचाई हर बार बढ़ती गई। अनुमानतः 1000 ई.पू. में लोथल का अस्तित्व समाप्त हो गया और इसके निवासी देशांतरण कर काठियावाड के भीतरी भागों और गंगा घाटी की ओर चले गए।

– हड़प्पा संस्कृति के नगरों में रंगपुर का अपना विशिष्ट स्थान है। यह सिंध से सौराष्ट्र के व्यापार मार्ग पर स्थित है। दूसरी ओर ये मकरान तट पर स्थित सुतकंगदोर, जो नदी मार्ग के द्वारा अरब सागर से जुड़ता था, व्यापार का मुख्य केंद्र था। यहा से बलूचिस्तान की बस्तियों के साथ व्यापक स्तर पर व्यापार होता था। यह पहाड़ियों के बीच बसा हुआ नगर था। इसके चारों ओर परकोटे के घेरे इसे सुरक्षा प्रदान करते थे।

– अर्वाचीन उत्खननों की शृंखला में घग्घर नदी तट पर एक नवीन, प्राचीन अवशेषों का भण्डार मिला। पुरातत्त्ववेत्ताओ के एक दल ने उत्तरी राजस्थान की घग्घर और चौटांग नदियो को, जो आज मात्र सूखे नाले रह गये हैं और जिनके किनारे बहुसंख्या में प्राचीन बस्तियों के अवशेष मिले हैं, पौराणिक सरस्वती और दृषद्वती बताया है। कालीबंगन इसी शृंखला मे एक है।

अपने क्षेत्रफल और अभिन्यासात्मक संरचना के लिहाज से, जिसमें दुर्ग भी सम्मिलित है, कालीबंगन मोहनजोदड़ो और हड़प्पा से टक्कर लेता प्रतीत होता है।

कालीबंगन शब्द का अर्थ है--काली चूडियां। खुदाई मे सर्वप्रथम यहां काली चूडियां मिलीं जिसके कारण इसे कालीबगन नाम दिया गया।

हड़प्पा संस्कृति के नगरों में सबसे विशद और सर्वांगीण

अध्ययन के लिए इतिहास-छात्र के पास अर्वाचीन समय में केवल हड़प्पा और मोहनजोदडो नगर ही हैं।

महानगर और राजधानी के विभाजन में कराची से 320 कि.मी उत्तर में सिंधु नदी के दाए तट पर स्थित मोहनजोदाडो और रावी नदी के बाएं तट पर स्थित हड़प्पा राजधानी नगरों की कोटि में आते हैं और संरचना के आधार पर कालीबंगन महानगरों की श्रेणी में।

हड़प्पाई बस्तियों को पांच भागों में विभक्त किया जा सकता है—

1 राजधानी नगर
2. बन्दरगाह नगर
3 दुर्गरहित नगर बस्तियां
4 ग्राम

राजधानी नगर—उपलब्ध संकेतों के आधार पर हड़प्पा नगर और मोहनजोदाडो नगर स्थायी तौर पर सारे देश के प्रशासन का केन्द्र थे। नगर शत्रुओं के आक्रमण से सुरक्षित था और प्रशासनिक नियंत्रण बनाए रखने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध थीं।

राजधानी नगर मे एक दुर्ग और घरेलू तथा विदेशी एव हस्तशिल्पकारों के व्यापार केन्द्र थे। दुर्ग में विशाल अन्न भण्डार और अनाज की सफाई, कुटाई, पिसाई आदि के चबूतरे पाये गये हैं। संभवत: यह हडप्पाई समाज में श्रम का सामाजिक संगठन की ओर इशारा है। पुरातात्त्विक खोजों से स्पष्ट है कि हड़प्पा में गेहूं, जौ, चना और धान की खेती होती थी। मुहर लगे सूती कपड़ों के अवशेष कताई-बुनाई की श्रेष्ठता को प्रदर्शित करते हैं।

खंडहरों से प्राप्त सोने, चांदी, मणियों तथा फायन्स के आभूषणों, तांबे के बर्तन, धातु के उपकरण और कांस्य के सामान एक विकसित अर्थव्यवस्था की ओर इंगित करते हैं।

बंदरगाह नगर—मोहरों पर अंकित मस्तूलदार पोतों के चित्र स्पष्ट करते हैं कि जहाजरानी व्यवस्था अपनी उत्कृष्टता पर थी। जहाजरानी के पोतों की भारवहन क्षमता 5 से 60 टन के मध्य रही होगी। ये पोत कराची से बसरा तक 2000 कि मी का रास्ता दो महीने में तय कर लेते थे

एक जनश्रुति के अनुसार सागर देवी बनुवती सिकोतरीमती लोथल की संरक्षिका थी। प्राचीन विश्व के सबसे बडे पोत-निर्माण उद्योग की विद्यमानता के भौतिक प्रमाण भी यहां पाये गये हैं। आयताकार (218 X 37 मी) पोतनिर्माण गोदी, नौकाघाट, पत्थर के लंगर आदि इसके उदाहरण हैं। मस्तूल में छेदयुक्त खिलौना नौका से तत्कालीन पोतों की आकृति का पूर्ण आभास मिलता है।

प्रमुख नगर

138 श्री नगर – प्राचीनतम् नगर

महाभारत – सुबाहु की राजधानी–श्रीपुर

केदारखण्ड – श्रीक्षेत्र

1894 ई. – गोहाना की बाढ में नष्ट

नामकरण–अलकनन्दा नदी के मध्य एक पवित्र शिला पर श्रीजी का प्राकृतिक यंत्र है, उसी से यह नगर कभी श्रीक्षेत्र के नाम से कभी श्रीपुर के नाम से तो कभी श्रीनगर के नाम से विख्यात हुआ।

शिवलिंग–श्रीक्षेत्र के चारों ओर शिवलिंग हैं–

श्रीक्षेत्र के पूर्व में – धास्येश्वर

पश्चिम में – बिल्लेश्वरी

उत्तर में – किलकिलेश्वर

दक्षिण में – अष्टवक्र महादेव

भौगोलिक स्थिति–देवलगढ़ पट्टी कठलस्पू में अलकनन्दा नदी के बामकूल पर बसा हुआ है।

समुद्र तट से 2,706 फुट ऊँचा।

139 पौड़ी – 1840 ई. मे ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने पौडी गाव में ही पौड़ी नगर बसाया।

समुद्र तट से 5,390 फुट ऊँचा।

140. लैन्सडौन – 1887 ई. में कार्लोडांडा नामक पर्वत पर लार्ड लैन्सडौन के नाम पर छावनी बनाई गई।

समुद्र तट से 5,500–6,000 फुट ऊँचा।

141. टिहरी – 1815 ई- तक छोटा ग्राम, इसी वर्ष ईस्ट इण्डिया कम्पनी की सहायता से महाराज सुदर्शनशाह ने इसे अपनी राजधानी

बनाया।

भागीरथी एवं भिलंगना नदी के संगम पर बसा है।

समुद्र तट से 2,100 फुट ऊँचा।

प्राचीन नाम–गणेश प्रयाना। यहां गंगा के किनारे रक्तवर्ण एक गणेश की शिला है। प्राचीन काल मे गणेश मन्दिर था जो सम्वत् 37 में गंगा की बाढ़ में बह गया।

घण्टाघर 1897 ई. में महाराजा कीर्तिशाह ने महारानी विक्टोरिया की डायमण्ड जुबली की याद में बनवाया था।

142 उत्तरकाशी – पुराणो में इसे सौम्यकाशी कहा गया है।

गढ़वाली इसे बारहाट कहते हैं।

समुद्र तट से 3,000 फुट ऊँचा। समतल भूमि।

इसे वाराणसी भी कहते हैं। इसके उत्तर में असी गंगा और पश्चिम में वरुण नदी बहती है। तरुण से असी के मध्य जो क्षेत्र है वह वाराणसी के नाम से प्रसिद्ध है। यह तरुणावत् पर्वत की गोद में है।

प्राचीन त्रिशूल है। ऊँचाई 20 फुट, जड में गोलाई 3 फुट। त्रिशूल का ऊपरी भाग लोहे का है और नीचे का भाग ताम्बे का है तथा ढका हुआ है। प्राचीन लिपि में तीन–चार पंक्तियां लिखी हुई हैं।(केदारखण्ड–अध्याय 83/14)।

143. हिमदाव – इसे अब हिऊंदाव कहते हैं, टिहरी गढ़वाल में एक पट्टी का नाम है। उसी पट्टी में एक सघन वन लिए हुए विसोन नाम का पर्वत है। उसकी एक खोह मे वशिष्ट गुफा और वशिष्ट कुण्ड है। वहां एक शिवलिंग स्थापित है।

गढ़वाल के बावन गढ़

क्रम	गढ़	परगना	जाति	विशेष
1	नागपुरगढ़	नागपुर	नागवंशी या नाग जाति	अन्तिम राजा भजन सिंह
2	कोलीगढ़	बछणस्यूं	बछवाण विष्ट	
3	रवाड़गढ़	बदरीनाथ के मार्ग में	रवाड़ी जाति	
4	फल्याणगढ़	फल्दाकोट	फल्याण जाति के ब्राह्मण	

5	बांगरगढ़	बांगर	नागवंशी राणा	
6	कुईलीगढ़	कुईली	सजवाण	इसे जौरासीगढ भी कहते हैं
7	भरपूरगढ़	भरपूर	सजवाण	अन्तिम राजा थोकदार गोविन्द सिंह
8	कुजणीगढ़	कुजणी	सजवाण	– वही–
9	सिलगढ़	सिलगढ़	सजवाण	अन्तिम राजा सबल सिंह
10	मुंगरागढ	खाई	रावत जाति	यहां रौतेले रहते हैं।
11	रैकागढ़	रैका	रमोला	अन्तिम राजा जयचन्द्र
12	मोल्यागढ़	रमोली	रमोला	
13	उप्पुगढ़	उदयपुर	चौहान	
14	नालागढ़	देहराइन		अब इसे नालागढ़ी कहते हैं
15	सांकरीगढ़	खवाई	राणा	
16	रामीगढ़	शिमला प्रांत	राणा	
17	बिराल्टा	जौनपुर	रावत	अंतिम राजा थोकदार सिंह
18.	चांदपुरगढ़	तैलीचांदपुर	सूर्यवंशी राजा भानुप्रताप	
19.	चौण्डागढ़	शीली चांदपुर	चौंडाल	
20.	तोपगढ़		तोपाल	तुलसिंह प्रतापी ने तोप ढलवाई, इसी से तोपल जाति प्रसिद्ध हुई
21.	राणीगढ़	राणीगढ़ पट्टी	खासी	
22.	सलाणगढ़	सलाण	पडियार (परिहार)	अन्तिम राजा विनोद सिंह
23.	बधाणागढ़	बधाण	बधाणी	यह पिण्डर नदी के ऊपर है
24.	लोहाबगढ़	लोहाब	नेगी	
25.	दशोलीगढ़	दशोली		
26.	कण्डारीगढ़	नागपुर	कण्डारी	अन्तिम राजा नरवीर सिंह
27.	धौनागढ़	इडवालस्यूं	धौन्याल	
28.	रतनगढ़	कुजणी	धमादा	
29.	एरासूगढ़	श्रीनगर के ऊपर		
30.	इडियागढ़	खाई बड़कोट	इडिया	
31.	लंगूरगढ़	लंगूर पट्टी		यहां भैरव का मन्दिर प्रसिद्ध
32.	बागगढ	गंगा सलाण	बाड़ूगीनेगी	इसे बागड़ी भी कहते हैं
33	गढ़कोटगढ	मल्ला ढांगू	[illegible]	

34. गढतांगगढ़	टकनौर	भोटिया	
35. बनगढ़ गढ़	बनगढ़		
36. भरदार गढ़	भरदार		
37 चौंदकेटगढ़	चौंदकोट	चौंदीकोटी	
38. नयालगढ़	कटूलस्यूं	नयाल	अन्तिम राजा सरदार भग्गु हुआ
39. अजमीरगढ़	अजमीर पट्टी	पयाल	
40. कांडागढ	रावतस्यूं	रावत	
41. सावली गढ़	सावली खाटली		
42. बदलपुरगढ़	बदलपुर		
43. संगेलागढ	नैलचामी में	संगोलाविष्ट	
44. गुजड़गढ़	गुजड़		
45. जौरगढ़	जौनपुर		
46. देवलगढ़	देवल		
47. लोदगढ़		लोदी	
48. जौलपुरगढ़			
49. चम्पागढ़			
50. डोडराक्वारागढ़			
51. भुवनागढ़			
52. लोदनगढ़			

निर्माण

1. पाटलिग्राम दुर्ग का निर्माण अजातशत्रु ने कराया था।
2. विजयप्रासाद का निर्माण कलिंगराज खारवेल ने 35 लाख रजत मुद्राओं से करवाया था।
3. पारदर्शी वस्त्रों का चित्रण गुप्तकालीन मूर्तिकला की प्रमुख विशेषता है।
4. एकमुखी और चतुर्मुखी शिवलिंग गुप्तकाल की देन है।
5. अर्धनारीश्वर की रचना गुप्तकाल में हुई।
6 अजंता की गुफाएं गुप्तकाल का प्रतिनिधित्व करती हैं।
7 अजंता में

8 अजन्ता–

1. जलगांव से 64 कि.मी.
2. औरंगाबाद से 104 कि.मी. दूरी पर है।

9 अजन्ता का निर्माण–

1. छेनी के प्रयोग द्वारा
2. गुफाओं का निर्माण कार्य 1000 ई. तक चला
3. 30 गुफाओं में
4. 5 मंदिर हैं
5. अंतिम गुफा का निर्माण आठवीं सदी में प्रारंभ हुआ।

10 एलोरा गुफाएं–

1. 34 गुफाएं हैं।
2. 12 बुद्ध, 17 हिन्दू, 5 जैन गुफाएं हैं।
3. हिन्दू गुफाएं–8–9वीं सदी की हैं।
4. जैन गुफाएं 12-13वीं सदी की हैं।
5. इन्द्रसभा एवं जगन्नाथ गुफाएं प्रमुख हैं।

11 अमरावती–

1. गंटूर से 64 कि.मी. दूर है।
2. खण्डहर शेष हैं।
3 एक स्तूप 100 फुट ऊंचा है।

12 सारनाथ–

1. स्तूप 128 फुट ऊंचा है।

13 नागार्जुन कुण्ड–

1. मछेला से 25 कि.मी. दूर है।
2. प्राचीन नाम श्रीपर्वत था।

14 श्रीगुप्त द्वारा निर्मित–मृगशिखावन के समीप एक मंदिर।

15 सुदर्शन झील का निर्माण चन्द्रगुप्त मौर्य ने एक पर्वतीय नदी के जल को रोककर करवाया था।

16 स्कंदगुप्त ने सुदर्शन झील का पुनर्निर्माण करवाया था।

17 अशोक ने उसमें से सिंचाई के लिए नहरें निकलवाईं।

18 गुप्त सम्वत्=136=456 ई. में सुदर्शन झील का बांध पुन: टूट गया और पर्णदत्त के पुत्र चन्द्रपालित ने, जो गिरिनार का शासक था, बांध पक्का करवाया।

19 चन्द्रपालित ने वहीं पर एक चक्रभृत् अथवा विष्णु का मंदिर गुप्त संवत् 138-458 ई. में निर्मित करवाया।

20 नालदा को बनवाने में स्कंदगुप्त ने की थी

21. कुमारगुप्त प्रथम ने दशपुर में सूर्य मंदिर का निर्माण कराया था।
22 कुमारगुप्त द्वितीय ने दशपुर में सूर्य मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था।
23. चन्द्र नामक गुप्त सम्राट द्वारा निर्मित महरौली का लौह स्तंभ।
24. कुमारगुप्त प्रथम के मंदसौर अभिलेख से ज्ञात होता है कि रेशम बुनकरों की श्रेणी ने 437-38 ई. में एक भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण करवाया।
25. दशावतार मंदिर (देवगढ़, झांसी) का निर्माण गुप्तकाल में हुआ।
26. गुप्तकालीन दो शिव मंदिर प्राप्त हुए हैं–

    1. नाचनाकुठारा – बघेलखण्ड क्षेत्र में
    2. नागोदा – मध्य प्रदेश में

27. गुप्तकाल में नालंदा में प्रसिद्ध बौद्ध विहार की स्थापना हुई।
28. कुमारगुप्त के उदयगिरि (426 ई.) लेख से प्राप्त होता है कि शंकर नामक व्यक्ति ने पार्श्वनाथ की मूर्ति की स्थापना की थी।
29. कहौन लेख के अनुसार स्कधगुप्त काल में भद्र नामक व्यक्ति ने पांच जैन तीर्थंकरों की मूर्ति की स्थापना की।
30. मथुरा के लेख के अनुसार कुमारगुप्त प्रथम के शासन मे हरिस्वामिनी नामक महिला ने एक जैन मंदिर का निर्माण कराया था।
31. गुप्तकाल के मंदिर–

    1. मंदिर निर्माण चबूतरे पर
    2. चारों ओर सीढियां
    3. गर्भगृह
    4. दलान
    5. प्राचीरयुक्त प्रांगण
    6. छतें सपाट
    7. मंदिरों के द्वार एवं स्तंभ अलंकृत
    8. चौखट पर शंख एवं पद्म

32. गुप्तकालीन तिगवा (जबलपुर) विष्णु मंदिर
33. गुप्तकालीन खोह का मंदिर
34. गुप्तकालीन भीतरगांव का मंदिर
35. गुप्तकालीन सिरपुर का लक्ष्मण मंदिर
36. गुप्तकालीन लाड़खान का मंदिर
37. गुप्तकालीन शिखरयुक्त प्रथम मंदिर देवगढ का दशावतार मंदिर है।
38. गुप्तकालीन एरण में वराह मंदिर
39 गुप्तकालीन सारनाथ के धामेख स्तूप
40 गुप्तकालीन मूर्ति मोटे उत्तरीय वस्त्रों से सुसज्जित हैं

41 गुप्तकालीन प्रसिद्ध मूर्तियां–

(क) मथुरा संग्रहालय की बुद्ध प्रतिमा

(ख) बरमिंघम संग्रहालय की ताम्रमूर्ति (बुद्ध)

(ग) सारनाथ की बुद्ध प्रतिमा

42 गुप्तोत्तर काल में तीन शैलियां प्रचलित थीं–

(क) नागर शैली

(ख) द्रविड शैली

(ग) वेसर शैली

43 दुर्लभवर्धन ने कश्मीर में प्रसिद्ध सूर्य मंदिर मार्तण्ड मंदिर की स्थापना की थी।

44 नागर शैली–उत्तरी भारत में हिमालय से विंध्य-प्रदेश के भूभाग में।

45 द्रविड़ शैली–कृष्णा तथा कुमारी अन्तद्वीप के मध्य (तमिलनाडु)

46 वेसर शैली–विंध्य और कृष्णा के मध्य (दक्षिणावर्त)

47 वेसर शैली में नागर एवं द्रविड़ शैली का मिश्रण है।

48 नागर शैली के मंदिर चतुष्कोण होते हैं।

49 द्रविड़ शैली के मंदिर अष्टभुजी होते हैं।

50 वेसर शैली के मंदिर अर्धगोलाकार होते हैं।

51 उत्तरी भारत के मंदिरों की दो विशेषताएं हैं–

(क) वर्गाकार

(ख) उठानी में एक-एक शिखर होता है।

52 नागर शैली–

(क) वर्गाकार

(ख) शिखर की ओर वक्राकार

53 द्रविड़ शैली–

(क) आयताकार

(ख) शिखर पिरामिड आकार

(ग) प्रदक्षिणा पथ

54. उड़ीसा में मंदिर शुद्ध नागर शैली का प्रतिनिधित्व करते हैं।

55. भुवनेश्वर में लगभग 100 मंदिर सातवीं शताब्दी–तेरहवीं शताब्दी के मध्य बनाये गये।

56. लिंगराज मंदिर विशुद्ध नागर शैली का सर्वोत्तम उदाहरण है।

57. लिंगराज मंदिर के गर्भगृह को देवुल कहते हैं।

58. लिंगराज मदिर के मण्डप को जगमोहन कहते हैं, जहां भक्त एकत्र होते थे।

59 लिंगराज मंदिर के शिखर की ऊंचाई 160 फुट है और शिखर पर आमलक और कलश है।

वास्तुकला का ही एक अंग होती थी।

73 कैलाश मंदिर तराशी हुई विशाल मूर्तियों के लिए प्रसिद्ध है। इसमें त्रिमूर्ति सबसे प्रभावशाली है।

74 पल्लवकालीन वास्तुकला के श्रेष्ठ उदाहरण कांचीपुरम और महाबलीपुरम् में पाए जाते हैं।

75 मामल्लपुरम् की स्थापना नरसिंहवर्मन् ने की थी। यह मामल्ल शैली के लिए प्रसिद्ध है। इसे वर्तमान में महाबलीपुरम् के नाम से जाना जाता है।

76 मामल्ल शैली के अंतर्गत दो प्रकार के मंदिर आते हैं।

(क) मंडप

(ख) रथ

77 एकाश्मक 29 मंदिर शिलाखण्डों को काटकर बनाये गये हैं।

78 मामल्ल शैली के रथ सप्त पेगोड़ा के नाम से प्रसिद्ध हैं।

79 पल्लवनरेश राजसिंह के शासनकाल में निर्मित मंदिर राजसिंह शैली के नाम से प्रसिद्ध है। इस शैली के प्रमुख मंदिर हैं–मामल्लपुर में समुद्रतट पर स्थित–तटीय मंदिर और कांची में कैलाशनाथ तथा बैकुंठ पेरूमल का मंदिर।

80 नंदिवर्मन शैली के प्रमुख मंदिर हैं–

1. कांचीपुरम के मुक्तेश्वर मंदिर तथा मातंगेश्वर मंदिर
2. गुडीमल्लम् का परशुरामेश्वर मंदिर

81 राजराज चोल ने लगभग 1000 ई. में तंजौर में बृहदीश्वर मंदिर का निर्माण करवाया।

82 राजेंद्र चोल ने 1025 ई. में गंगैकोड चोलपुरम् का मंदिर बनवाया।

83 पांड्यकालीन वास्तुकला का मदिर गोपुरम् है। गोपुरम् एक प्रकार का आयाताकार भवन है जिसका शिखर ऊपर की ओर चौड़ाई में क्रमश: कम होता जाता है। इसके श्रेष्ठ उदाहरण हैं–

1 तिरुमलाई मंदिर
2. चिदंबरम् मंदिर
3. कुंबकोणम् मंदिर

84 अशोककालीन वास्तुकला के प्रसिद्ध नमूने–

1. स्तंभ–लोरिया नन्दगढ़
2. वास्तुकला–सारनाथ शीर्ष

85 गांधार शैली में साधारणत: नीली मिट्टी की स्लेट है।

86 पल्लवसम्राट महेन्द्र वर्मन प्रथम ने महाबलीपुरम् मंदिर का निर्माण करवाया, जिसमें 10 मंडप हैं।

87 दिल्ली में कुव्वत-उल इस्लाम नामक मस्जिद कुतुबुद्दीन ऐबक ने बनवाई

88 अजमेर में 'ढाई दिन का झोपड़ा' नामक मस्जिद कुतुबुद्दीन ऐबक ने बनवाई।

89 प्रचलित मान्यता है कि कुतुबमीनार की शुरुआत कुतुबुद्दीन ऐबक ने की थी और इसे इल्तुतमिश ने पूरा कराया था।

90 इल्तुतमिश ने भिलसा के मुख्य मंदिर को तथा उज्जैन के महाकाल के उस मंदिर को नष्ट कर दिया था जिसके निर्माण में तीन सौ वर्ष लगे थे। वह विक्रमादित्य तथा अन्य प्रजावत्सल की अष्टधातु–निर्मित मूर्तियों को भी अपने साथ दिल्ली ले गया था।

91. चित्तौड़ विजय के उपरांत उसका नाम अलाउद्दीन खिलजी ने खिजराबाद रखा।

92. पंबान के द्वीप पर स्थित रामेश्वरम् पहुंचकर विशाल मंदिर को ध्वस्त करके उसके अवशेष पर मस्जिद का निर्माण करके अलाउद्दीन के नाम पर उसका नाम रखा।

93. अलाउद्दीन खिलजी ने सीरी का किला और हजारखंभामहल बनवाया।

94. अलाउद्दीन खिलजी ने अलाई-दरवाजा बनवाया जो दिल्ली की कुतुबी मस्जिद का परिवर्धित रूप है।

95. गियासुद्दीन ने तुगलकाबाद नामक दुर्ग की नींव डाली।

96. मुहम्मद तुगलक अपनी राजधानी दिल्ली से देवगिरि, जिसे उसने दौलताबाद कहकर पुकारा, ले गया।

97. फीरोज तुगलक ने पांच नहरें बनवाईं।

98. फीरोज तुगलक ने 150 कुएं खुदवाए।

99. फीरोज तुगलक ने नगर स्थापित किए–

1. फीरोजाबाद
2. कोटला फीरोजशाह (दिल्ली)
3. फतेहाबाद
4. हिसार
5. जौनपुर
6. फीरोजपुर (बदायूं के समीप)

100. फीरोज तुगलक दो स्तंभ दिल्ली लाया–

1. अशोक स्तंभ–खिजराबाद से
2. अशोक स्तंभ–मेरठ से

101. फीरोज ने 1,200 बाग लगवाये।

102. दिल्ली सल्तनत की स्थापत्य कला की प्रमुखताएं हैं–

1. गुंबद
2. ऊंची मीनारें
3. मेहराब
4 भूमिगृह (तहखाने)

103 हिंडोलामहल या दरबार महल का निर्माण हुसंगशाह ने किया।
104. राणाकुंभा ने कुम्भलगढ़ का किला तथा कीर्तिस्तंभ बनवाया।
105. हुमायूं ने दिल्ली में दीनपनाह नामक दुर्ग बनवाना प्रारंभ किया था।
106. शेरशाह सूरी ने झेलम के तट पर रोहतासगढ़ नामक दुर्ग बनवाया।
107. अकबर ने आगरा, लाहौर और इलाहाबाद मे तीन विशाल किले बनवाये
108. आगरा किले का दिल्ली दरवाजा और अमरसिंह दरवाजा प्रमुख हैं।
109. अकबर के भवननिर्माण का उत्कृष्ट नमूना फतहपुरसीकरी है जो आगरा मील दूर है।
110. फतहपुरसीकरी बनवाने में 11 वर्ष लगे।
111. दिल्ली का लालकिला शाहजहां ने बनवाया था।
112. आगरा का ताजमहल शाहजहां ने बनवाया था।
113. पुलकिट किले का निर्माण--डचों ने कराया था (कोरोमण्डल तट पर)
114. चिनसूरा किला डचों ने बनाया।
115. कलकत्ता मे अंग्रेजों ने सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किया।
116. डी.ए.वी. कॉलेज, लाहौर की स्थापना लाला हंसराज ने की थी।
117. 1916 ई. में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।

चारधाम

118. बदरीनाथ–समुद्र तल से 1,02,284 फुट।
केदार खण्ड, अध्याय 57, लेखक–व्यास जी।
– बदरीवन, कण्व ऋषि आश्रम से नन्दीगिरि पर्वत तक, भो मोक्ष देने वाला है।(10)
– इसमें गंदमादन पर्वत, बदरीवन और नरनारायण का आश्र अनेकतीर्थों से सुसज्जित कुबेरशिला है।(20)
– मंदिर का निर्माण शंकराचार्य ने करवाया।
– तप्तकुण्ड–16.6 फुट लम्बा एवं 14.6 फुट चौड़ा गर्म ज कुण्ड। जलस्रोत तली में, गधक की सुगंध आती है। मई मे त 120 डिग्री के लगभग।
– पांचबदरी–
1. विशाल बदरी (योगबदरी)
2 पाण्डुकेश्वर(भविष्य बदरी)
3. बदरीनाथ
4 वृद्धबदरी (तपोवन के निकट

5. ध्यानबदरी (अनीमठ)

– बदरीशपुरी से 18 मील ऊपर हिमालय की खोह में निर्मल जल पूरित तालाब है।

– बदरीनाथ मंदिर के अधीन मंदिर–

1. लक्ष्मीगढ
2. मातामूर्ति
3. पाण्डुकेश्वर
4. जोशीमठ (ज्योशीमठ)
5. नृसिंहजी
6. ज्योतीश्वर महादेव
7. बासूदेव मठ
8. रवेश्वर मठ
9. भविष्यबदरी
10 दाडिमी नृसिंह
11. लक्ष्मीनारायण
12. सीतारासमठ
13. वृद्धबदरी
14. लक्ष्मीनारायण (दूसरा)
15. लक्ष्मीनारायण (तीसरा)
16. लक्ष्मीनारायण (चौथा)

– निर्माण काल–संभवतः विक्रमसम्वत् 76 माना जाता है।

– शंकराचार्य के चार शिष्य थे–

1 सुरेश्वराचार्य
2. पद्माचार्य
3. तोटकाचार्य
4. हस्तामलक

118. **केदारनाथ** – समुद्र तट से 11,753 फुट।

– शाब्दिक अर्थ–दलदल या कीचड़

– भूमि जलमय है।

– शिवजी का नाम केदार है।

– बर्फ के सैलाब के कारण है।

– पंचकेदार–

1. केदारनाथ
2 तुंगनाथ

3. रुद्रनाथ
4 मदमहेश्वर
5. कल्पेश्वर

– केदार मंदिर के अधीन मंदिर

1. अगस्तमुनि
2. गुप्तकाशी
3. त्रियुगी नारायण
4. लक्ष्मीनारायण
5 गौरीदेवी
6. मदमहेश्वर
7. तुंगनाथ
8. कालीमठ
9. रुद्रनाथ
10. गोपेश्वर
11. ऊषीमठ

119. गंगोत्री – समुद्रतट से 10,020 फुट
– 6 मील नीचे जन्हु ऋषि का आश्रम है, जिसे लोग जांगला कहते हैं।
– 10-12 मील ऊपर उत्तरपूर्व दिशा में 'गोमुख' (गंगा का उद्गम स्थल)। यह गंगोत्री ग्लेशियर के नाम से प्रसिद्ध है।
– समुद्र तट से 13,570 फुट है।

120. यमुनोत्री – समुद्र तट से 10,849 फुट
– गंधक की गंध

अध्याय आठ

परिभाषाएं

1. श्रौत — उन कृत्यों एवं सस्कारों का समावेश जिसका प्रमुख संबंध वैदिक संहिताओं एवं ब्राह्मणों से था।
2. स्मार्त — उन विषयों का समावेश था जो विशेषत: स्मृतियों में वर्णित हैं तथा वर्णाश्रम से संबंधित हैं।
3. प्रतिलोम — यदि एक ब्राह्मण ब्रह्मज्ञान के लिए किसी क्षत्रिय के पास जाए तो यह 'प्रतिलोम' गति कही जाएगी।
4. वर्णसंकर — जब किसी वर्ण के सदस्य दूसरे वर्ण की नारी से संभोग करते हैं, ऐसी नारियों से विवाह करते हैं, जिनसे नहीं करना चाहिए (सगोत्र कन्या) तथा अपने वर्ण के कर्तव्यों का पालन नहीं करते, तब वर्णसंकर की उत्पत्ति होती है—मनु ऐसी व्यवस्था देते हैं।
   — गीता के अनुसार—"जब नारियां व्यभिचारिणी हो जाती हैं तब वर्ण संकरता उपजती है।"
5. देवब्राह्मण — जो प्रतिदिन स्नान, संध्या, जाप, होम, देवपूजन, अतिथि सत्कार एवं वैश्वदेव करता है।
6. मुनिब्राह्मण — जो वन में रहता है, कन्द-मूल-फल खाता है एवं श्राद्ध करता है।
7. द्विज ब्राह्मण — जो वेदांत पढ़ता है, अनुराग एवं आसक्तियों का परित्याग करता है।
8. क्षत्र ब्राह्मण — जो युद्ध करता है।
9. वैश्य ब्राह्मण — जो कृषि, पशुपालन एवं व्यापार करे।
10. निषाद ब्राह्मण — चोरी, चुगली करने वाला, मांस खाने वाला।
11. पशु ब्राह्मण — जो ब्रह्म के विषय में जाने बिना यज्ञ करे और जनेऊ धारण करे।
12. म्लेच्छ ब्राह्मण — कुओं, तालाबों एवं वाटिकाओं को बिना किसी आशय के नष्ट करे।

13	चाण्डाल ब्राह्मण	– मूर्ख, क्रिया-संस्कारों में शून्य।
14	शूद्र ब्राह्मण	– जो लाख, नमक कुसुंभ के समान रंग, दुग्ध, घी, मधु, मांस बेचता हो।
15	जाति ब्राह्मण	– जो केवल ब्राह्मण कुल में पैदा हुआ हो।
16	ब्राह्मण	– जिसने वेदाध्ययन कर लिया हो।
17	श्रोत्रिय	– जिसने 6 अंगों के साथ किसी एक वैदिक शाखा का अध्ययन किया हो और वह ब्राह्मणों के 6 कर्तव्य करता हो।
18	अनूचाल	– वेद और वेदांगों का ज्ञाता एवं पवित्र हृदय से अग्निहोत्र करता हो।
19	भ्रूण	– जो अनुचाल होने के अतिरिक्त यज्ञ करता हो और यज्ञ के पश्चात् बचे हुए प्रसाद को ग्रहण करता हो।
20	ऋषिकल्प	– लौकिक एवं वैदिक ज्ञाता एवं मनसंयम।
21	ऋषि	– जो अविवाहित, पवित्र-हृदयी, सत्यवादी, वरदान एव शाप देने योग्य हो।
22	मुनि	– जिसके लिए मिट्टी एवं सोना बराबर मूल्य रखता हो।
23	संस्कार	– संस्कार वह है जिसके होने से कोई पदार्थ या व्यक्ति किसी कार्य के योग्य हो जाता है।
24	निर्वासित शूद्र	– वह जो गंदा रहता है।
25	अनिर्वासित शूद्र	– वह जो स्वच्छ रहता है।
26	भोज्यान्न	– जिसके द्वारा बनाया गया भोजन ब्राह्मण कर सके।
27	अभोज्यान्न	– जिसके द्वारा बनाया गया भोजन ब्राह्मण न कर सके।
28	सच्छूद्र	– अच्छे आचार-व्यवहार वाले शूद्र। मांस आदि का परित्याग।
29	असच्छूद्र	– बुरे आचार-व्यवहार वाले शूद्र।
30	प्रवृत ब्राह्मण	– जो दान लेते हैं।
31	निवृत ब्राह्मण	– जो दान नहीं लेते हैं।
32	उपकुर्वाण ब्रह्मचारी	– जो गुरु को प्रतिदान देता है।
33	नैष्ठिक ब्रह्मचारी	– जो मृत्युपर्यंत वैसे ही रहता है।
34	पतित सावित्रीक	– जिसका उपनयन संस्कार न हुआ हो, इस प्रकार जो पापी है और समाज से बहिष्कृत है।
35	ब्राह्म विवाह	– बहुमूल्य अलंकारों एवं परिधानों से सुसज्जित कन्या वेद पंडित को दी जाती है।
36.	दैव विवाह	– अलकृत कन्या पुरोहित को दी जाए।
37	आर्ष विवाह	एक जोड़ा पशु लेकर कन्या दी जाए

प्रजापत्यविवाह — जब पिता वर तथा कन्या को—'तुम दोनों साथ-साथ धार्मिक कृत्य करना'—कहकर तथा वर को मधुपर्क आदि से सम्मानित कर कन्या दान करे।

आसुर विवाह — जब वर कन्या पक्ष को दान दे।

गांधर्व विवाह — परस्पर गुप्त प्रेम तथा संभोग ही जिसका उद्देश्य हो, उसके उपरांत विवाह।

राक्षस विवाह — संबंधियों को मारकर रोती-बिलखती कन्या को छीनकर विवाह करना।

पैशाच विवाह — सोई हुई, उन्मत्त या अचेत कन्या से संभोग कर जब विवाह हो।

परिवेदन — जब कोई व्यक्ति अपने जेष्ठभ्राता के रहते अथवा जब कोई व्यक्ति बड़ी बहन के रहते छोटी बहन से विवाह करता है तो इसे परिवेदन कहते हैं।

पूनर्भू — वह विधवा जिसका पुन: विवाह हो।

अवरुद्धर — रखैल, जो घर में रहती है और उसके साथ कोई अन्य संभोग नहीं कर सकता।

भुजिष्या — रखैल, जो घर में नहीं रहती किंतु एक व्यक्ति की रखैल के रूप में कहीं और रहती है।

राजस्वला नारी — जो गंदी रहती हो।

इतिहास — ऐसी प्राचीन रुचिकर कथा जिससे धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की शिक्षा मिल सके—इतिहास कहलाती है।

प्रागैतिहासिक काल — वह काल जिसके लिए कोई लिखित साधन उपलब्ध नहीं हैं और जिसमें मानव सभ्य बन गया।

ऐतिहासिक काल — वह काल जिसके लिए लिखित साक्ष्य उपलब्ध हैं और जिसमें मानव का जीवन अपेक्षाकृत पूर्णतया सभ्य नहीं था।

आद्य इतिहास — वह काल जिसके लेखन कला के प्रमाण तो हैं किंतु वे या तो अपुष्ट हैं या उनकी गूढलिपि का अर्थ निकलना कठिन है।

दस्यु अव्रत — देवताओं के नियम-व्यवहारों को न मानने वाला।

दस्यु अक्रतु — यज्ञ न करने वाला।

दस्यु मृध्रवाच — जिनकी वाणी स्पष्ट एवं मधुर न हो।

दस्यु अपनास — गूंगे व चपटी नाक वाले।

कुंभीधान्य — वह ब्राह्मण जिसके पास इतना अन्न हो जो एक कुशूल

या कुंभी में अट सके—मनु के अनुसार।
- वह जिसके पास साल—भर के लिए अन्न है—कुल्लूक के अनुसार।
- जिनके पास क्रमशः 12 एवं 6 दिनो के लिए अन्न है—गोविंदराज के अनुसार।

57. कुसूलधान्य — वह ब्राह्मण जिसके पास तीन वर्षों के लिए अन्न है—कुल्लूक के अनुसार।
- जिसके पास धान एवं अन्न तीन वर्ष के लिए है—मेधातिथि के अनुसार।

